मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-277
24/05/2020

मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी

पटना, 24 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–फित्र के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को ईद की शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा है कि पवित्र रमजान के महीने में रोजेदारों द्वारा की गयी इबादतों से उनके घर–परिवार के साथ–साथ प्रदेश और देश में शान्ति एवं समृद्धि आये। उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि समाज में अमन–चैन, भाईचारा पूरे तौर पर कायम रहे। ईद का दिन ईनाम का दिन है। खुदा इस मुबारक दिन पर अपने नेक बंदों को ईनाम से नवाजते हैं। खुदा हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और हम सबों का जीवन सुख, शांति, समृद्धि से भरा रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक महान देश है। यहॉ विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों एवं मतावलंबियों के बीच पारस्परिक सौहार्द्र, प्रेम और सहिष्णुता बेमिसाल है। यहॉ सभी लोग एक दूसरे के पर्व त्याहारों में शामिल होकर खुशियॉ बॉटते हैं और एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हैं। इसी से प्रदेश एवं देश को ताकत एवं मजबूती मिलती है।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर ही इबादत करें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******